## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 15.07.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय कैबिनेट ने झारखंड के राजखरसवां–डांगोआपोसी चौथी रेलवे लाइन परियोजना को दी मंजूरी, रेल नेटवर्क होगा मजबूत।**
2. **राज्यपाल ने बीआईटी मेसरा के सात दशकों के योगदान को सराहा; युवाओं को एआई और रोबोटिक्स से जोड़कर जॉब क्रिएटर बनाने का किया आह्वान।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की; लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई और कार्यों की जियो–टैगिंग के दिए सख्त निर्देश।**
4. **राज्य में एसआईआर अभियान तेज; सांसद संजय सेठ ने जागरूकता वाहन को किया रवाना, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 29 जुलाई तक फॉर्म जमा करने की अपील की।**
5. **राज्य के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक धनबाद के वासेपुर में राजकीय सम्मान के साथ हुए सुपुर्द–ए–खाक, विभिन्न राजनेताओं और आम लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई।**

**********************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज झारखंड और ओडिशा के लिए तीन हजार नौ सौ सात करोड़ रुपये की दो रेलवे मल्टी–ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसके तहत झारखंड में राजखरसवां–डांगोआपोसी चौथी रेलवे लाइन का निर्माण होगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे माल ढुलाई और रेल नेटवर्क सुदृढ़ होगा।

इसके साथ ही, कैबिनेट ने सेमीकॉन 2.0, मोबाइल फोन विनिर्माण योजना और यूरिया क्षेत्र के लिए एनआईपीयू–2026 नीति को भी स्वीकृति दी है।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बीआईटी मेसरा के स्थापना दिवस पर संस्थान के सात दशकों के शैक्षणिक व तकनीकी योगदान की सराहना की। उन्होंने एनईपी–2020 के तहत युवाओं को एआई और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों से जोड़कर **जॉब क्रिएटर** बनाने और विकसित भारत–2047 के निर्माण में भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं में देरी पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पारदर्शिता के लिए सभी सड़कों, फ्लाईओवर और पुलों की अनिवार्य जियो–टैगिंग तथा सुव्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने का आदेश दिया। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**********************

पलामू समाहरणालय में आयोजित समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आईडीबीआई बैंक के सीएसआर फंड से 10 दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी बांटी। इस दौरान उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने राज्य के विकास के लिए बैंकों से सीडी रेशियो बढ़ाने और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड के खर्च की पारदर्शी निगरानी करने की बात कही।

**********************

आज देश में स्किल इंडिया मिशन की 11वीं वर्षगांठ और विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस मिशन का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकी व व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। एक रिपोर्ट

**********************

उपराजधानी दुमका में आज विश्व युवा कौशल दिवस पर 4–झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। **साझा भविष्य के लिए कौशल** विषय पर आयोजित इस समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल और कर्नल अनिल यादव ने युवाओं से सरकारी कौशल योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

********************

रांची के कांके विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर अभियान के तहत आज एक जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ ने नागरिकों से अपील की कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मतदाता विवरणों का समय पर सत्यापन और आवश्यक संशोधन अवश्य कराएं।

********************

इस बीच राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से 29 जुलाई तक इन्यूमरेशन फॉर्म बीएलओ के पास जमा करने की अपील की है ताकि 5 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा सके। 22 जुलाई को एएसडीडी सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

********************

गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए देशभर में जारी गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत अब तक पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर जुटाए जा चुके हैं। अभियान के झारखंड प्रभारी अभय आश्रय दास ने प्रेस वार्ता में बताया कि आगामी 27 जुलाई को देश के सभी जिलों में उपायुक्तों के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को हस्ताक्षरित मांगपत्र सौंपा जाएगा, जिसके बाद दूसरे चरण में 15 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

********************

खूंटी पुलिस ने तजना नदी पुल के पास हुए दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए एक महिला समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया था।

********************

राज्य के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक को आज धनबाद के वासेपुर स्थित शमशेर नगर कब्रिस्तान में राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द–खाक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

********************

झारखंड में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा और ऐतिहासिक रथ मेलों को लेकर राज्यभर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजधानी रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में आज पट खुलने के साथ ही अनुष्ठान शुरू हो गया है, जहां कल शाम भगवान का रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान करेगा।

********************

राजधानी रांची और इसके आसपास के इलाकों में आज दोपहर से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है। इस बीच मौसम केंद्र रांची ने तात्कालिक पूर्वानुमान जारी कर राज्य के चतरा, गढ़वा, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए विशेष अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, इन जिलों के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

********समाप्त*******